



## एक नजर में

### थाना प्रभारी ने देखी ट्रैफिक व्यवस्था, दुकानदारों को दी हिदायत



**मोहन बड़ोदिया, 11 अक्टूबर.** मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी प्रेम किशोर व्यास ने शनिवार शाम 5 बजे मोहन बड़ोदिया के मुख्य मार्ग पर जाम ना लगे इसको लेकर ठेले व्यवसायियों को सड़क किनारे से ठेले हटाने और दुकानदारों को हिदायत दी गई. बतया गया कि अपनी दुकान के बाहर एक गार्ड रखे जो गाड़ियों को कतार में लगाए, सड़क किनारे गाड़ियां अव्यवस्थित खड़ी करने से जाम की स्थिति निर्मित होती है. बता दें विगत दिनों भी खबर प्रकाशित की गई थी कि मोहन बड़ोदिया के मुख्य मार्ग लगातार अतिक्रमण की चपेट में है, और ठेले व्यवसाई सड़क किनारे दुकान लगा लेते हैं, इससे यातयात बाधित होता है और जाम की संभावना बढ़ जाती है.

### नाबालिग को भगा ले गया युवक, परिजनों ने लगाया पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप



**शाजापुर, 11 अक्टूबर.** जिले के कालापीपल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दुबड़ी गांव के परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे. जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत को एक शिकायती आवेदन सौंपा. परिजनों ने आवेदन में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उनकी नाबालिग बेटी को गांव का ही एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है. परिजनों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही वे तत्काल कालापीपल थाना पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई. परिजनों का कहना है कि नामजद शिकायत देने के बावजूद पुलिस संदेही आरोपी की तलाश में कोई सक्रियता नहीं दिखा रही है. इस लापरवाही के चलते परिवार पिछले कई दिनों से मानसिक तनाव में है और बालिका की सुरक्षा को लेकर चिंतित है. परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे आवेदन में कहा कि थाना स्तर पर यदि पुलिस तत्परता से काम करती है तो उनकी बेटी अब तक सुरक्षित घर लौट आती. परंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है. जिससे आरोपी के हौसले और बुलंद हो गए हैं. परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से जांच कराई जाए, बालिका को सुरक्षित बरामद किया जाए और आरोपी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए. उन्होंने यह भी मांग की कि कालापीपल थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं के पीड़ितों को न्याय मिल सके.

### सफाई अभियान का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**शाजापुर, 11 अक्टूबर.** पांच दिवसीय दीपोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी है. जिसके अंतर्गत नगर पालिका द्वारा शहर में विशेष सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है. शनिवार सुबह सराफा बाजार में नगर पालिका अध्यक्ष ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया. शनिवार को सराफा बाजार का अवकाश होने के कारण विशेष सफाई अभियान चलाया गया. जिसके अंतर्गत नालियों व सड़क की विशेष सफाई की गई. इस दौरान सफाई अभियान का निरीक्षण करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन ने आवश्यक निर्देश सफाईकर्मियों को प्रदान किए. नगर पालिका अध्यक्ष श्री जैन ने बताया कि दीपावली पर्व के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा संपूर्ण शहर में सफाई व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए विशेष सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत नगर के प्रमुख बाजारों सहित वार्डों की सफाई संबंधी समस्या का समाधान करते हुए नालियों तथा सड़कों की सफाई नगर पालिका कर्मियों द्वारा की जा रही है. इस दौरान सभापति प्रेम यादव, दुष्यंत सोनी सहित पार्षद प्रशांत चौहान उपस्थित रहे.

### आज गुल रहेगी मंडी क्षेत्र के कई हिस्सों की बिजली

**शुजालपुर, 11 अक्टूबर.** विद्युत कंपनी द्वारा दीपावली पर्व के दौरान फीडरों व विद्युत लाईनों का रखरखाव कार्य किया जा रहा है, इसके चलते रविवार को 11 के व्ही मण्डी फीडर पर मेंटेनेंस कार्य होने के कारण मंडी क्षेत्र के कई हिस्सों में विद्युत प्रदाय बाधित रहेगा. सहायक यंत्री शहर शुजालपुर ने बताया कि सुबह 8 से 12 बजे तक मंडी फीडर से संबंधित क्षेत्र अम्बिका बाजार, गणेश मंदिर रोड, लोहिया मार्ग, श्रीनगर, मिर्ची बाजार, एमजी रोड, गल्ला मण्डी, जूना पीठा रोड, बताशा गली, लक्ष्मीबाई मार्ग, पटेल मार्ग की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी.

### प्रदीप व्यास को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष



**शुजालपुर, 11 अक्टूबर.** प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई शाजापुर की बैठक यादव सिंह परमार के निवास पर संपन्न हुई, जिसमें संगठन के विस्तार, सशक्तिकरण और एकजुटता को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. बैठक में जिला संरक्षक राजेंद्र शर्मा एवं दीवान सिंह यादव, जिला अध्यक्ष रघुवीरसिंह पवार, जिला सचिव किरत सिंह बुंदेला, जिला महामंत्री त्रिलोकचंद बालोट, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मधुकांता दवे तथा पुलिस विभागीय समिति जिला अध्यक्ष भगवान पुरी गोस्वामी सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे. बैठक में प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी की सहमति से तथा जिला संरक्षक मंडल की अनुशंसा पर जिले एवं तहसील स्तर पर नई नियुक्तियों की घोषणा की गई. इस अवसर पर यादवसिंह परमार को जिला उपाध्यक्ष, ललित बिडवाले को शुजालपुर तहसील अध्यक्ष तथा प्रदीप कुमार व्यास को शुजालपुर तहसील शाखा का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया. बैठक का संचालन प्रेमदास बैरागी ने किया एवं आभार दीनबंधु कश्यप ने माना.

# आत्मनिर्भर भारत अभियान दलगत भावना से ऊपर

## इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रेस्ट हाउस पर शनिवार को पत्रकारों से की चर्चा

**शाजापुर, 11 अक्टूबर. जीएसटी रिफॉर्म्स या बचत उत्सव केवल एक आर्थिक पहल नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय चेतना है. एक ऐसा अभियान जो नागरिकों को स्वावलंबन, स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है.**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते दस वर्षों में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी पहचान उपभोक्ता राष्ट्र से उत्पादक राष्ट्र के रूप में बनाई है. 2014 के बाद हम जीएसटी लाए और आर्थिक सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था में पारदर्शिता, समानता और विश्वास का वातावरण तैयार किया है. जहां पहले कर प्रणाली जटिल थी, वहीं आज वन नेशन, वन टैक्स की भावना से व्यापारियों और उभोक्ताओं दोनों को लाभ मिल रहा है. उक्त बातें इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने स्थानीय पीडब्लूडी रेस्ट हाउस पर शनिवार को दोपहर 1 बजे आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुवे कही. श्री भार्गव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों ने आत्मनिर्भर भारत की नींव को मजबूत किया है. आज हमारे देश का प्रत्येक युवा अपने उत्पाद, अपनी तकनीक और अपनी प्रतिभा से विश्व को चुनौती दे रहा हैं. हमारे उद्योग और हमारे कारीगर आज यह कह रहे हैं हम बना सकते है, हम चला सकते हैं और हम विश्व को दिशा दे सकते हैं. देश में और मध्यप्रदेश के साथ इंदौर जैसे शहरों ने इस भावना को व्यवहार में उतारा है. जहां सरकार स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा में अग्रसर है. दीपावली के इस पर्व पर भी आत्मनिर्भरता की और कदम बढ़ाए और सभी स्वदेशी सामग्री क्रय करें.

### देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है...

श्री भार्गव ने कहा की जहां तक संभव हो, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करें और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा दें. यह केवल अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सम्मान का उत्सव है. आज भारत में हर क्षेत्र, रक्षा, अंतरिक्ष, डिजिटल तकनीक, कृषि, स्वास्थ्य में मेक इन इंडिया का परिणाम दिख रहा है. 150 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा और परिश्रम से देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है. प्रधानमंत्री जी ने जो रिफॉर्म्स से रिजल्ट मंत्र दिया है. वह अब धरातल पर नज़र आ रहा है. देश में निवेश बढ़ रहा है, रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं. जनता की बचत भी सशक्त हो रही है. जब हम स्वदेशी अपनाते हैं तो हम भारत की शक्ति में निवेश करते हैं. और यही है आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना है. पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से विधायक अरुण भीमावद, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, जिला महामंत्री रायसिंह मालवीय, वरिष्ठ नेता योगेंद्र सिंह बंटी बना, जिला मंत्री उमेश टेलर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष आशीष नागर जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार, गोविंद नायक, जुगल नाहर, नरेंद्र यादव, कार्यालय मंत्री वीरेंद्र पाटीदार, जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे.

# अपने-अपने वार्डो की मतदाता सूची पर विशेष ध्यान दें

## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक हुई

**शुजालपुर, 11 अक्टूबर. जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने शनिवार को शुजालपुर मंडी के दादावाडी में नगर के कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों एवं वार्ड पार्षदों एवं पार्षद प्रत्याशियों की बैठक ली. जिसमे वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान एवं मतदाता पुनरीक्षण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई.**




बैठक में पूर्व सेवा दल राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र जोशी ने कहा कि सभी अपने-अपने वार्ड में हस्ताक्षर अभियान को मूर्त रूप दे, साथ ही अपने-अपने वार्ड की मतदाता सूची लेकर जो भी नाम घटाए-बढाए जाएं उस पर विशेष ध्यान दे, ऐसा न हो कि आपका स्वयं का भी नाम कट जाए और आपको पता ही न चले, ऐसा कई जगहों पर देखने मे आया है. इसीलिए राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडगे ने वोट चोर गद्दी छोड हस्ताक्षर अभियान चलाया है, जिसे हम सबको मिलकर सफल बनाना है. प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के तहत आप सबको हस्ताक्षर तो करवाना ही है, पर 17 तारीख तक आपके वार्डो में बीएलओ बैठे है, आप जो नए मतदाता 18 वर्ष के हो गए हैं. उनके नाम मतदाता सूची में जुडवाएं और जो मतदाता सूची में फर्जी नाम नजर आये उनको हटवाने के लिए बीएलओ से संपर्क करें. जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह ने कहा कि शुजालपुर नगर में 25 वार्ड है, उस हिसाब से हमने ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड एवं शहर अध्यक्ष रईस पठान को जिम्मेदारी दी है कि ये लोग सभी 25 वॉर्डों में मतदाता सूची उपलब्ध करवाकर प्रत्येक वार्ड के पार्षद या पार्षद प्रत्याशी रहे है, साथ ही उन पोलिंग एजेंटों को जो पोलिंग पर बैठते है उनको साथ मे लेकर इस काम को अंजाम देना है. हस्ताक्षर अभियान के जरिए आप सबको डोर टू डोर संपर्क करना है और उनको समझाकर हस्ताक्षर करवाना है और मतदाता सूची को लेकर कन्फर्म करना है कि जो मतदाता सूची में नाम है वो सही है या नहीं अगर कुछ भी त्रुटि पाई जाए तो उस पर तुरंत एक्शन लेना है, बीएलओ के पास जाकर अपनी आपत्ति दर्ज कराना है. इस अवसर पर जसमत सिंह बिसेना, गजेन्द्र सिसोदिया, केदार मेवाड़ा, सागर परमार, रचना जैन, अशोक परमार, कैलाश उपलावदिया, अचलसिंह मेवाड़ा, महेन्द्र नाहर, विक्रम सिसोदिया, बल्ला सोनी, हसन रजा कुरैशी, बलबीर सिंह चंदेल, हाजी सिद्दीक पठान, धर्मेन्द्र राजपूत, मनोहर जाटव, धर्मेन्द्र सोनानिया, विष्णु शर्मा, मोहन धनगर, दीपक शर्मा, अशोक मालवीय, विशाल शर्मा, अजब सिंह मेवाड़ा, आशीष तिवारी, अनिल अग्रवाल, सलीम मंसूरी, अंकुर जैन, अशोक विजयवर्गीय, अजय मोर्टे, पीयूष शर्मा, शुभम शर्मा, यश जैन सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही.

# संतुलित आहार के फायदे बताए



**शुजालपुर, 11 अक्टूबर. क्षेत्र के ग्राम अकलपुरबिंनी में पोषण सप्ताह तहत संतुलित आहार को लेकर कार्यशाला का आयोजन हुआ. जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनिता देलमिया, सुपरवाइजर सरिता, कृपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी कम्युनिटी एजुकेटर अमरसिंह राजपूत उपस्थित हुए.**

इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने महिलाओं को संतुलित आहार जिसमें रोटी दाल, हरी सब्जी चावल नींबू, आचार पापड़ और एक फल रोज खाने की सलाह दी. साथ ही सुपरवाइजर ने पोष्टिक भोजन से मिलने वाले प्रोटीन व अन्य लाभ बताएं. कार्यशाला में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बाजार से निर्भरता खत्म करने के लिए घर के बने खाना खाने के लिए शपथ दिलवाई करवा चौथ के पावन त्यौहार पर सभी गर्भवती महिला धात्री महिलाओं को पोषण, टीके और खून टेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने आदर्श किचन गार्डन लागाने का निर्णय भी लिया.

**आंगनवाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित- शाजापुर,** घर पर बनाएंगे, घर का खाएंगे अभियान के तहत शहर के आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 8/2 में यास्मीन और 10/3 में तसलीम खान के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में वार्ड की महिलाओं को घर के पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई. वहीं बच्चों को जंक फूड से दूर रखने के लिए प्रेरित किया गया. इस मौके वार्ड की महिलाएं मौजूद थी.

# रचना को जिला प्रभारी की जवाबदारी दी

**शुजालपुर, 11 अक्टूबर. प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन में सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ताओं को आगे लाने की पहल के तहत पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी कि संयुक्त सचिव रचना जैन को हरदा जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है.**



रचना जैन लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय भूमिका निभाती रही है. उनके नेतृत्व में कई सामाजिक एवं राजनीतिक अभियानों को गति मिली है. संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, जनसेवा के प्रति समर्पण और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए वरिष्ठ नेताओं ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने विश्वास जताया है कि रचना जैन अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और मजबूत जनसंपर्क के बल पर हरदा जिले में कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेंगी. स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि रचना जैन जैसी ऊर्जावान और कर्मठ नेत्री को यह जिम्मेदारी मिलना संगठन के लिए गौरव की बात है.

# आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन

**मोहन बड़ोदिया, 11 अक्टूबर. आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में तीन दिवसीय युवा उत्सव का शनिवार को समापन हुआ. कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. इस अवसर पर छात्राओं करुणा बैरागी और राधा सूर्यवंशी द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई.**




समापन समारोह के पूर्व महाविद्यालय में प्रश्न मंच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. क्विज मास्टर प्रोफेसर मनोज लश्करी ने प्रतिभागियों से राजनीति, साहित्य, इतिहास, खेल, विज्ञान और समसामयिक घटनाओं से संबंधित सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे. प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अशोक, द्वितीय स्थान रोहित परिहार और तृतीय स्थान राधा सूर्यवंशी ने प्राप्त किया. युवा उत्सव के द्वितीय दिवस पर महाविद्यालय में पोस्टर निर्माण और स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, पोस्टर निर्माण में प्रथम स्थान ज्योति जैन द्वितीय स्थान शिवानी सूर्यवंशी और तृतीय स्थान रीना कुंभकार ने प्राप्त किया तथा स्पॉट पेंटिंग में प्रथम स्थान अर्चिता द्वितीय स्थान शिवानी सूर्यवंशी और तृतीय स्थान रुखसार अंसारी ने प्राप्त किया.

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नाजिया मंसूरी, द्वितीय स्थान करुणा बैरागी और तृतीय स्थान पर राधा सूर्यवंशी रही एवं मुनमुन को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया. समापन कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन युवा उत्सव प्रभारी डॉक्टर दीपा वाडिया ने किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉक्टर राजकुमार सूत्रकार, डॉ. गोपाल सिंह वर्मा, श्रीमती सौम्या सिंह तोमर, खेल अधिकारी अभय कुमार भोसले और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

## एक नजर में

### राजस्व अधिकारियों की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# किसानों के टोकन पंजीयन एवं टोकन जारी होने का निरीक्षण करें

**शाजापुर, 11 अक्टूबर. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफ्ना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई. कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारी को निर्देश दिए नवीन उर्वरक वितरण व्यवस्था समिति केंद्रों में किसानों के टोकन पंजीयन एवं टोकन जारी के कार्यो का निरीक्षण करें. उन्होंने निर्देश दिए कि नवीन उर्वरक वितरण व्यवस्था के तहत पोर्टल नहीं चलने या अन्य तकनीकी समस्या होने पर किसानों को पूर्व की तरह खाद का वितरण करें. जिले के खाद प्रदाय केन्द्रों में खाद लेने आए किसानों को बिना खाद लिये केन्द्रों से नहीं जाने दें.**



कलेक्टर सुश्री बाफ्ना ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को सोयाबीन फसल नुकसानी के प्रकरण आरबीसी को तुरंत निराकृत करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने राजस्व कार्यों की समीक्षा में न्यायालयवार बटवारा, नामांतरण एवं सीमांकन के निराकृत प्रकरणों की समीक्षा की. कलेक्टर ने निर्देश दिए की उक्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करेंए सभी राजस्व अधिकारी माह अक्टूबर के अंत तक उक्त प्रकरणों में 90 प्रतिशत प्रगति लाए. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लोकसेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आवेदनों का समयसीमा में निराकरण करें, समयसीमा से बाहर होने वाले आवेदनों पर सम्बंधित अधिकारियों पर फाईन लगाए. कलेक्टर ने साइबर तहसील के प्रकरणों का निराकरण के लिए पटवारियों की बैठक लेकर प्रकरणों का निराकरण कराए. कलेक्टर ने रीडर लॉगिन पर लंबित प्रकरण में रीडर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने भू राजस्व एवं अन्य मदों की मांग एवं वसूली की प्रगति, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की ईकेवायसी की समीक्षा भी की. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तहसीलदार कोर्ट में प्रकरणों को ज्यादा दिन लंबित नहीं रखें. सभी न्यायायिक तहसीलदार एवं गैर न्यायायिक तहसीलदार अपने-अपने कार्यों को अनुविभाग अधिकारियो से समन्वय बनाकर करें. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व अधिकारी समय.समय पर लोकसेवा केन्द्रों, सीएससीए एमपी ऑनलाइन, आधार केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर देखें कि आमजन से निर्धारित शुल्क से अधिक राशि तो नहीं वसूली जा रही है. इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी, अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले, शुजालपुर राजकुमार हलदर व गुलाना आलोक वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद थे.

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर हुआ आयोजन

**शुजालपुर, 11 अक्टूबर.** जेएनएस शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर मे विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में मनाया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा के द्वारा की गई. मुख्य वक्ता के रूप में मानसिक रोग परामर्शदाता इंदौर ने मानसिक स्वास्थ्य प्रियंका पाटीदार से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके उपाय के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की एवं टेली मानस प्रोजेक्ट टोल फ्री नंबर 14416 की जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस प्रभारी पूजा सांखला ने किया एवं आभार संगीता सोनी ने माना. साथ ही अटल बिहारी वाजपेई शासकीय महाविद्यालय गौलाना में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.